**No. RITES/SECY/NSE** दिनांक**: 04** नवंबर**, 2026**

| | |
|---|---|
| To<br>लिस्टिंग विभाग,<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड,<br>एक्सचेंज प्लाजा, सी -1, ब्लॉक जी, बांद्रा - कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400051<br><br>Listing Department,<br>National Stock Exchange of India Limited,<br>Exchange Plaza, C-1, Block G, Bandra - Kurla Complex, Bandra (E), Mumbai – 400051 | To<br>कॉर्पोरेट संबंध विभाग,<br>बीएसई लिमिटेड,<br>रोटुंडा बिल्डिंग,<br>पी जे टावर्स, दलाल स्ट्रीट, फोर्ट,<br>मुंबई - 400 001<br><br>Corporate Relationship Department,<br>BSE Limited, Rotunda Building,<br>P J Towers, Dalal Street, Fort,<br>Mumbai - 400 001 |
| **Symbol-** RITES | **Scrip Code-** 541556 |

**विषय**: **प्रेस रिलीज़ दिनांक** 4 **नवंबर, 2026 जिसका शीर्षक है " राइट्स का वित्तीय वर्ष 27 की दूसरी तिमाही का राजस्व ₹583 करोड़; पीएटी ₹97 करोड़ 1.9 प्रति शेयर के दूसरे अंतरिम लाभांश की घोषणा"**

**Subject: Press Release titled "RITES Q2FY27 Revenue ₹583 cr; PAT ₹97 cr Declares 2nd Interim Dividend of ₹1.9/share" dated November 4, 2026.**

प्रिय महोदय/महोदया,
Dear Sir/ Madam,

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुसरण में, दिनांक 4 नवंबर, 2026 की प्रेस रिलीज़ जिसका शीर्षक है "राइट्स का वित्तीय वर्ष 27 की दूसरी तिमाही का राजस्व ₹583 करोड़; पीएटी ₹97 करोड़ 1.9 प्रति शेयर के दूसरे अंतरिम लाभांश की घोषणा" संलग्न है।

Pursuant to Regulation 30 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements), Regulations, 2015, please find enclosed herewith press release titled "RITES Q2FY27 Revenue ₹583 cr; PAT ₹97 cr Declares 2nd Interim Dividend of ₹1.9/share" dated November 4, 2026.

यह आपकी जानकारी और रिकॉर्ड के लिए है।
This is for your information and records.

आपको धन्यवाद।
Thanking You,

**आपका विश्वासी/Yours sincerely,**

**राइट्स लिमिटेड के लिए/For RITES Limited**

Nikhil Agarwal

Digitally signed by Nikhil Agarwal
Date: 2026.11.04 21:28:20 +05'30'

**(निखिल अग्रवाल)/ Nikhil Agarwal**

**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी/ Company Secretary & Compliance Officer**

**सदस्यता संख्या / M. No. A42626**

# प्रेस रिलीज़

## *राइट्स का वित्तीय वर्ष 27 की दूसरी तिमाही का राजस्व ₹583 करोड़; पीएटी ₹97 करोड़*
## *1.9 प्रति शेयर के दूसरे अंतरिम लाभांश की घोषणा*

गुरुग्राम**, 4** नवंबर**, 2026:** परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर परामर्श और इंजीनियरिंग में अग्रणी कंपनी राइट्स लिमिटेड (एनएसई : राइट्स, बीएसई : 541556) ने आज 30 सितंबर, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अपने स्टैंडअलोन तथा समेकित वित्तीय परिणामों की घोषणा की।

### मुख्य बिंदु

- राजस्व (स्टैंडअलोन) में क्रमिक आधार पर 7.6% तथा कर पश्चात् लाभ (पीएटी) (स्टैंडअलोन) में 31.4% की वृद्धि
- ₹9,388 करोड़ की ऑर्डर बुक; दूसरी तिमाही में ₹446 करोड़ से अधिक मूल्य के 130 से अधिक ऑर्डर प्राप्त।
- 97% के अदायगी अनुपात के साथ प्रति शेयर ₹1.90 का दूसरा अंतरिम लाभांश

### वित्तीय वर्ष **27** की दूसरी तिमाही (समेकित)

- ₹ 557 करोड़ का परिचालन राजस्व
- 22.1% मार्जिन के साथ ईबीआईटीडीए ₹ 123 करोड़
- 16.7% मार्जिन के साथ ₹ 97 करोड़ पीएटी

### वित्तीय वर्ष **27** की पहली छमाही (समेकित)

- वित्तीय वर्ष 26 की पहली छमाही के ₹1091 करोड़ की तुलना में कुल राजस्व ₹1144 करोड़
- 22.3% मार्जिन के साथ ईबीआईटीडीए ₹243 करोड़
- 17.0% मार्जिन के साथ पीएटी ₹195 करोड़

परिणामों पर टिप्पणी करते हुए श्री राहुल मित्थल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, राइट्स लिमिटेड ने कहा कि "इस तिमाही में कंपनी का प्रदर्शन अपेक्षाकृत सामान्य रहा, क्योंकि राजस्व से जुड़े कुछ निर्धारित लक्ष्य तीसरी तिमाही (Q3) में चले गए। हम शेष तिमाहियों में इस कमी की भरपाई करने और वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पूरी तरह प्रयासरत हैं।"

### वित्तीय वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में वित्तीय कार्य-निष्पादन

राइट्स का परिचालन राजस्व ( समेकित), अन्य आय को छोड़कर, वित्तीय वर्ष 27 की दूसरी तिमाही में ₹557 करोड़ रहा, जो वित्तीय वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में ₹549 करोड़ था। कुल राजस्व वित्तीय वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही के ₹579 करोड़ की तुलना में इस वर्ष ₹583 करोड़ है। ईबीआईटीडीए और पीएटी क्रमश: 22.1% तथा 16.7% के मार्जिन के साथ ₹123 करोड़ तथा ₹97 करोड़ रहे। निर्यात को छोड़कर सभी क्षेत्रों में प्रगति के साथ वर्ष-दर-वर्ष राजस्व में थोड़ी वृद्धि हुई है।

#### स्टैंडअलोन

वित्तीय वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही में अन्य आय को छोड़कर परिचालन राजस्व ₹522 करोड़ रहा जो कि वित्तीय वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में ₹514 करोड़ था। कुल स्टैंडअलोन राजस्व ₹565 करोड़ है जो वित्तीय वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में ₹561 करोड़ था। ईबीआईटीडीए और पीएटी क्रमश: 17.9% तथा 16.7% के मार्जिन के साथ ₹93 करोड़ तथा ₹94 करोड़ रहे, जो कि वित्तीय वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही में क्रमशः ₹100 करोड़ तथा ₹102 करोड़ था।

### वित्तीय वर्ष **27** की पहली छमाही में वित्तीय कार्य-निष्पादन

राइट्स का परिचालन राजस्व (समेकित), अन्य आय को छोड़कर, वित्तीय वर्ष 2027 की पहली छमाही में ₹1,089 करोड़ रहा, जबकि वित्तीय वर्ष 2026 की पहली छमाही में यह ₹1,038 करोड़ था। कुल राजस्व ₹1,144 करोड़ दर्ज किया गया, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में यह ₹1,091 करोड़ था। ईबीआईटीडीए और पीएटी क्रमशः ₹243 करोड़ और ₹195 करोड़ रहा, जबकि वित्तीय वर्ष 2026 की पहली छमाही में यह क्रमशः ₹250 करोड़ और ₹200 करोड़ था।

ईबीआईटीडीए मार्जिन क्रमशः 22.3% और पीएटी मार्जिन 17.0% रहा।

सेगमेंट-वार कार्य-निष्पादन
परामर्शी व्यवसाय से कंपनी को सबसे अधिक राजस्व प्राप्त हो रहा है और 33.0% के मार्जिन के साथ ₹285 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया है। 39.5% के मार्जिन के साथ लीजिंग राजस्व ₹49 करोड़ है। टर्नकी राजस्व ₹187 करोड़ है। बांग्लादेश को 18 कोच वाली पहले रेक की आपूर्ति के साथ तीसरी तिमाही में निर्यात राजस्व में तेजी आनी शुरू हुई है।

लाभांश
निदेशक मंडल ने ₹1.90 प्रति शेयर के दूसरे अंतरिम लाभांश की घोषणा की है, जिसकी कुल राशि ₹91.31 करोड़ है। लाभांश के भुगतान के लिए 11 नवंबर, 2026 को रिकॉर्ड तिथि निर्धारित की गई है।

ऑर्डर बुक
कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही के दौरान ₹446 करोड़ से अधिक मूल्य के 130 से अधिक आदेश (जिसमें कार्यों को बढ़ाया जाना शामिल है) प्राप्त किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 30 सितंबर, 2026 की स्थिति के अनुसार ₹9,388 करोड़ का ऑर्डर बुक बना हुआ है।

आउटलुक
वृद्धि की संभावनाओं पर टिप्पणी करते हुए श्री मित्थल ने कहा, “नए ऑर्डर मिलने की संभावनाओं और मौजूदा ऑर्डर बुक के तहत निर्धारित कामों को योजना बना कर पूरा करने के इरादे को देखते हुए हमें विश्वास है कि हम अपनी सोच के अनुसार प्रगति की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।”

राइट्स लिमिटेड के बारे में:
सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम राइट्स लिमिटेड एक नवरत्न कंपनी है, जो भारत में परिवहन परामर्श और इंजीनियरिंग क्षेत्र में अग्रणी है, यह विविध सेवाएं प्रदान करता है और व्यापक भौगोलिक पहुंच रखता है। कंपनी को 5 दशकों से अधिक का अनुभव है और इसने एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण अमेरिका और मध्य पूर्व क्षेत्र के 55 से अधिक देशों में परियोजनाएं पूरी की हैं।

अधिक जानकारी के लिए, राइट्स की वेबसाइट **www.rites.com** पर निवेशक कॉलम देखें या संपर्क करें :


श्री सिद्धार्थ रंजन दूबे
राइट्स लिमिटेड
मोबाइल नं. : +91 97633083336
ईमेल : investors@rites.com

सुश्री प्रेरणा गगेरना
एवियन मीडिया प्रा.लि;
मोबाइल नं.: +919971217153
ईमेल : prerna@avianwe.com



अस्वीकरण : इस प्रेस रिलीज में दिए गए कुछ विवरण भविष्यसूचक हो सकते हैं। ऐसे भविष्यसूचक विवरणों में कुछ जोखिम और अनिश्चितताएं शामिल हो सकती हैं, जैसे कि भारत और विदेशों में आर्थिक परिस्थितियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन, कर कानून, मुद्रास्फीति, मुकद्दमेबाजी आदि। वास्तविक परिणाम उन बयानों या संकेतों से काफी भिन्न हो सकते हैं। राइट्स लिमिटेड किसी भी तरह से इन बयानों और चर्चाओं के आधार पर किए गए किसी भी कार्य के लिए जिम्मेदार नहीं होगा; और भविष्य में घटित होने वाली घटनाओं या परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करने के लिए इन भविष्यसूचक बयानों को सार्वजनिक रूप से अद्यतन करने को कोई दायित्व नहीं लेता।

**RITES Limited**
CIN: L74899DL1974GOI007227

Press Release

# RITES Q2FY27 Revenue ₹583 cr; PAT ₹97 cr
# Declares 2nd Interim Dividend of ₹1.9/share

**Gurugram, November 4, 2026:** RITES Ltd. (NSE: RITES, BSE: 541556), the leading Transport Infrastructure Consultancy and Engineering firm, today announced its standalone and consolidated financial results for the Quarter ended on September 30th, 2026.

## The Takeaways

- Sequential growth of 7.6% in Revenue (standalone) & 31.4% in PAT (standalone)
- Order book of ₹9388 crore, with 130+ orders worth ₹446+ crore secured in Q2
- 2nd Interim Dividend of ₹1.90 per share, with Payout Ratio of 97%

## Q2FY27 Financials (Consolidated)

- Operating Revenue at ₹557 crore
- EBITDA at ₹123 crore with Margins of 22.1%
- PAT at ₹97 crore with Margins of 16.7%

## H1FY27 Financials (Consolidated)

- Total Revenue stands at ₹1144 crore against ₹1091 crore in H1FY26
- EBITDA at ₹243 crore with Margins at 22.3%
- PAT at ₹195 crore with Margins at 17.0%

Commenting on the results, **Mr. Rahul Mithal, Chairman and Managing Director, RITES Limited,** said, *"The performance in this quarter has been muted, with certain planned revenue milestones sliding marginally into Q3. We remain focused on making up for this in the remaining quarters and achieving the targets set for the year."*

**Financial Performance in Q2FY27**

RITES operating revenue (consolidated), excluding other income, stands at ₹557 crore in Q2FY27 as against ₹549 crore in Q2FY26. Total revenue is ₹583 crore as against ₹579 crore in Q2FY26. EBITDA and PAT stand at ₹123 crore and ₹97 crore with margins of 22.1% and 16.7%, respectively. Year-on-year, revenue registered a slight increase, driven by growth across all segments except exports.

Standalone

Operating revenue, excluding other income, stands at ₹522 crore in Q2FY27 against ₹514 crore in Q2FY26. Total standalone revenue is ₹565 crore against ₹561 crore in Q2FY26. EBITDA and PAT, with respective margins of 17.9% and 16.7%, stand at ₹93 crore and ₹94 crore against ₹100 crore and ₹102 crore, respectively, in Q2FY26.

**Financial Performance in H1FY27**

RITES operating revenue (consolidated), excluding other income, stands at ₹1089 crore in H1FY27

as against ₹1038 crore in H1FY26. Total revenue stands at ₹1144 crore as against ₹1091 crore in H1FY26. EBITDA and PAT stand at ₹243 crore and ₹195 crore against ₹250 crore and ₹200 crore, respectively, in H1FY26. EBITDA and PAT margins at 22.3% and 17.0%, respectively.

**Segmental Performance**

The Consultancy business continues to provide the highest revenue to the company and achieved the revenue of ₹285 crore with margins at 33.0%. Leasing revenue stands at ₹49 crore, maintaining the margins of 39.5%. Turnkey revenue stands at ₹187 crore. The pickup in export revenue commenced in Q3 with the supply of the first rake comprising 18 coaches to Bangladesh.

**Dividend**

The Board of Directors has declared the second interim dividend of ₹1.90 per share amounting ₹91.31 crore. The record date for the purpose of payment of dividend is November 11, 2026.

**Order Book**

The company has secured more than 130 orders (including extension of works) worth more than ₹446 crore in Q2FY27, thereby maintaining an order book of ₹9388 crore as on September 30th, 2026.

**Outlook**

On the growth prospects, **Mr. Mithal** said, *"The visibility of fresh orders as well as the planned execution of the current order book makes us confident that substantial growth, as envisaged, is on track."*

**About RITES Limited:**

RITES Limited, a Navratna Public Sector Enterprise, is a leading player in the transport consultancy and engineering sector in India, having diversified services and geographical reach. The company has an experience spanning more than 5 decades and undertaken projects in over 55 countries in Asia, Africa, Latin America, South America, and Middle East region.

**For more information, visit Investors column on RITES website www.rites.com or contact:**


Mr. Siddarath Ranjan Dubey
RITES Limited
Mobile: +91 97633083336
E-mail: investors@rites.com

Ms. Prerna Gagerna
AvianWe Media Pvt Ltd.
Mobile: +91 9971217153
E-mail: prerna@avianwe.com



**DISCLAIMER**: Certain statements that are made in the Press Release may be forward-looking statements. Such forward-looking statements are subject to certain risks and uncertainties such as significant changes in economic environment in India and overseas, tax laws, inflation, litigation, etc. Actual results might differ substantially from those expressed or implied. RITES Ltd. will not be in any way responsible for any action taken based on such statements and discussions; and undertakes no obligation to publicly update these forward-looking statements to reflect subsequent events or circumstances.